समस्या ▶ कैसे हो स्वच्छ पंचायत स्वस्थ ग्रामीण, मामले पर जवाब देने से बच रहे जिम्मेदार, अमरपुर जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायतों का मामला

# सामुदायिक स्वच्छता परिसर में लटका ताला, पसरी गंदगी

**अमरपुर नवभारत ।** अमरपुर जनपद क्षेत्र अंतर्गत अधिकतर ग्राम पंचायतों में सरकार द्वारा जनहितैषी गरीब कल्याण रोजगार योजना अंतर्गत सामुदायिक स्वच्छता परिसर लाखों रुपए की लागत से निर्माण कराए गए। इन परिसरों को पंचायत स्तर पर बनाने का मुख्य उद्देश्य अन्य क्षेत्रों से आवागमन करने वाले यात्रियों सहित क्षेत्रीय जनता को प्रसाधन के लिए बाहर का रुख नहीं करना पड़े एवं गंदगी नहीं फैले रहा।

सरकार की इस योजना का जमीनी स्तर पर लाभ जरूरतमंदों को प्राप्त नहीं हो रहा है। पंचायत के जिम्मेदारों द्वारा सामुदायिक स्वच्छता परिसरों में ताले लटका दिए गए हैं, जिन्हें खोलना शायद जिम्मेदार भूल चुके हैं। इसका परिणाम प्रसाधन हेतु लोगों को अन्य क्षेत्रों की ओर रुख करना पड़ रहा है, जिससे गंदगी फैल रही है और लोगों को संक्रमण फैलने का डर सता रहा है।




### सरकार की मंशा पर जिम्मेदारों ने लगाया पलीता

जानकारों की माने तो केंद्र सरकार के द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर पंचायत में फैलने वाली गंदगी पर रोकथाम के लिए गरीब कल्याण रोजगार योजना के तहत सामुदायिक स्वच्छता परिसर का पंचायत स्तर पर निर्माण कार्य कराया गया। इन परिसरों का संचालन ग्राम पंचायत द्वारा किया जाना है ताकि वे स्थानीय स्तर पर स्वच्छता और स्वास्थ्य को बढ़ावा दे सकें। सरकार की मंशा पर उसके ही जिम्मेदार अधिकारी बट्टा लगाने का कार्य कर रहे हैं। दीवार पर जिम्मेदारों द्वारा स्लोगन तो अनेक लिखवाए गए है, लेकिन जमीनी स्तर पर इनका पालन करना शायद भूल गए हैं।

### दुर्गंध के साथ ही फैल रही गंदगी

ग्रामीण की माने तो सामुदायिक स्वच्छता परिसर का निर्माण वर्षों पहले पंचायत द्वारा कराया गया था, लेकिन आज तक ग्रामीणों के उपयोग हेतु इसे खोला नहीं गया। सामुदायिक स्वच्छता परिसर में ताला लटका हुआ है, जो अब जंग खा चुका है। सामुदायिक स्वच्छता परिसर के सामने गंदगी का अंबार लगा है। स्वच्छता के प्रति ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों में गंभीरता नहीं है परिणाम स्वरूप पंचायत में अपने कार्यों के लिए पहुंचने वाले लोगों सहित अन्य द्वारा प्रसाधन खुले में किया जा रहा है, जिससे दुर्गंध के साथ ही गंदगी फैल रही है।

### प्रभारी सचिव नहीं उठा रही फोन

मामले पर ग्राम पंचायत की प्रभारी सचिव दीपलता यादव से फोन पर संपर्क किया गया, लेकिन सचिव द्वारा फोन रिसीव करना जरूरी नहीं समझा गया। यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी ग्राम पंचायत में जनसुनवाई मंगलवार के दिन नहीं होने पर एवं पंचायत में ताला लटका पाए जाने पर सचिव से फोन पर जानकारी प्राप्त करने की कोशिश की गई, लेकिन उस दौरान भी सचिव द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया। इससे स्पष्ट होता है कि पंचायत में बरती जाने वाले लापरवाही पर जवाब देने से सचिव दीपलता यादव बचती हुई नजर आ रही हैं।

# शहपुरा में एहतियातन पेयजल की जांच शुरू

▶ इंटकवेल, वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का किया गया निरीक्षण, लिए गए सैंपल

**शहपुरा नवभारत 5 जनवरी।** इंदौर में हाल ही में हुई घटना को दृष्टिगत रखते हुए शहपुरा नगर मे एहतियातन कदम उठाए जा रहे हैं। शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में मुख्य नगर पालिका अधिकारी रीना राठोर नगर परिषद शहपुरा द्वारा पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु निरीक्षण एवं जांच की कार्रवाई की गई।

इसी क्रम में 5 जनवरी को मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा वार्ड क्रमांक 1, 3, 11, 12 एवं 14 में घर-घर जाकर प्रदाय किए जा रहे पेयजल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान पेयजल की गुणवत्ता की जांच के लिए सैंपल लेकर परीक्षण हेतु भेजे गए हैं। मुख्य नगरपालिका अधिकारी रीना राठौर ने बताया कि जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद आवश्यकतानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही नागरिकों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के लिए



निरंतर निगरानी रखी जा रही है।

### एलम व ब्लीचिंग पावडर की जांच की गई

मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने नवीन जलावर्धन योजना के इंटकवेल का निरीक्षण किया। वे शारदा टेकरी स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट (डब्ल्यूटीपी) भी पहुंचे। जल गुणवत्ता की जांच के लिए सैंपल लिए गए। डब्ल्यूटीपी में एलम व ब्लीचिंग पावडर की जांच की गई। अधिकारियों ने पानी की टंकियों का भी निरीक्षण किया और उनके नीचे साफ-सफाई कराई। इस दौरान सीएमओ रीना सिंह राठौर और जल प्रदाय प्रभारी मौजूद रहे।

### संदेह की स्थिति में तत्काल नगर पालिका को सूचित करें

प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की समस्या अथवा संदेह की स्थिति में तत्काल नगर पालिका अथवा संबंधित अधिकारियों को सूचित करें, ताकि समय रहते उचित कदम उठाए जा सकें। नगर परिषद की टीमें जहां नाला-नालियों से गुजरी पाइप लाइनों के इर्द-गिर्द सफाई अभियान में जुटी रहीं।

# घने कोहरे से जनजीवन हुआ अस्त-व्यस्त

▶ दृश्यता कम रहने से आवागमन प्रभावित

**शहपुरा नवभारत 5 जनवरी।** नगर में पिछले तीन-चार दिनों से शहपुरा नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में घना कोहरा छाया हुआ है, जिसके कारण आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

सुबह के समय दृश्यता अत्यंत कम रहने से सड़कों पर आवाजाही मुश्किल हो गई है। आसपास के गांवों से शहपुरा आने वाले लोगों को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कोहरे के कारण यातायात धीमा पड़ गया है और दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, मौसम में लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है। किसी दिन धूप सुबह 10 बजे निकलती है तो



किसी दिन 11 या 12 बजे तक भी सूर्य के दर्शन नहीं होते।

### बाजारों पर भी पड़ रहा असर

बीते चार-पांच दिनों से यही स्थिति बनी हुई है। ठंड और नमी के कारण बाजारों में भी रौनक कम नजर आ रही है, वहीं दैनिक कार्यों में भी विलंब हो रहा है। सबसे अधिक चिंता बच्चों और बुजुर्गों को लेकर जताई जा रही है। घने कोहरे और ठंड के चलते सर्दी, खांसी, बुखार एवं सांस संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। चिकित्सकों ने लोगों को सुबह-शाम सावधानी बरतने, गर्म कपड़े पहनने और अनावश्यक रूप से घर से बाहर नहीं निकलने की सलाह दी है।

# कड़ाके की ठण्ड से नागरिक परेशान

**चिल्हारी नवभारत 5 जनवरी।** जिले में इन दिनों कड़ाके की ठंड के कारण जनजीवन प्रभावित हो गया है। इस दौरान किसानों के कृषि कार्य भी प्रभावित हो रहे है। ठिठुरन के कारण लोग घरों में आग का सहारा लेकर ठंड से बचते हुए नजर आ रहे है। मजदूर वर्ग भी काम पर नहीं जा पा रहे हैं, साथ ही यातायात व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। इतना घना कोहरा है कि वाहन चालक हेड लाइट जला कर वाहन चला रहे है। स्कूली बच्चों को ठंड में स्कूल जाने में भारी दिक्कत हो रही है, वहीं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. व्हीएस चन्देल ने लोगों से कहा है कि बहुत जरूरी कार्य होने पर ही घरों से निकले अन्यथा अलाव का सहारा लेकर ठंड से बच कर रहे।

# शारदा स्पोर्ट्स क्लब पिनौरा का सरपंच कप पर कब्जा

▶ फाइनल में धुरंधर स्पोर्ट्स क्लब को 51 रन से शिकस्त दी

**नौरोजाबाद नवभारत 5 जनवरी।** जिले के जनपद पंचायत करकेली अंतर्गत ग्राम पंचायत पिनौरा में ग्राम पंचायतद्वारा सरपंच कप क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की गई। फाइनल में शारदा स्पोर्ट्स क्लब पिनौरा ने धुरंधर क्लब पिनौरा को 51 रन से पराजित कर विजेता बनने का गौरव हासिल किया।

फाइनल मैच की शुरुआत बांधवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक शिवनारायण सिंह, राकेश शर्मा, मनीष सिंह एवं अन्य अतिथियों द्वारा दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। शारदा स्पोर्ट्स क्लब पिनौरा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवरों मे 154 रन बनाए। जवाबी पारी खेलने उत्तरी




धुरंधर स्पोर्ट्स क्लब पिनौरा ने निर्धारित 15 ओवरों में सभी विकेट खोकर 103 रन ही बना सका। समापन समारोह के मुख्य अतिथि विधायक शिवनारायण सिंह ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को नकद राशि सहित ट्रॉफी प्रदान की।

### खिलाड़ियों के लिए खेल भावना अहम : विधायक

मुख्य अतिथि विधायक शिवनारायण सिंह ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा की सभी खिलाड़ियों को खेल भावना से हर खेल खेलना चाहिए। उन्होंने कहा कि खेल से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत पिनौरा के योगेश द्विवेदी द्वारा सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में जिला क्रिकेट संघ उमरिया के अध्यक्ष राकेश शर्मा, मान सिंह, प्रदेश कार्य समिति सदस्य मनीष सिंह, हरीहर सिंह, राम मिलन यादव, विशंभर नाथ द्विवेदी, सरपंच कप क्रिकेट के आयोजक कुलदीप द्विवेदी, ग्राम पंचायत पिनौरा सचिव विनोद द्विवेदी सहित हजारों की तादाद में क्रिकेट प्रेमी मौजूद रहे।

# मिलर्स के अड़ियल रवैये से खरीदी व भुगतान की प्रक्रिया प्रभावित

▶ सरकारी धान का भविष्य अधर में, किसान हो रहे परेशान, प्रशासन कलह को समय पर नहीं सुलझा पा रहा

**चिल्हारी नवभारत 5 जनवरी।** जिले में धान उपार्जन के दौरान नॉन व मिलर्स के बीच मची खींचतान से किसानों को परेशानी उठानी पड़ रही है। समय पर धान का उठाव नही हो रहा। इस कारण खरीदी व भुगतान की प्रक्रिया प्रभावित है।

दूसरी तरफ प्रशासन अपने अंदरूनी कलह को समय पर नहीं सुलझा पा रहा। मिलर्स का सिंडिकेट एफसीआई को नई गाइड लाइन के अनुसार 90 फीसदी चावल जमा करने से मना कर रहा है। यही कारण है कि वे अनुबंध टालना चाह रहे हैं, ताकि नॉन को अपने पुराने मिलिंग दर 40 फीसदी एफसीआई को जमा करने पर झुकाया जा सके। जिला प्रशासन द्वारा इस सिंडिकेट के विरुद्ध कार्रवाई नहीं करने से किसानों व गरीबी रेखा परिवारों को सीधा नुकसान होता दिख रहा। बड़ा सवाल यह है कि जब सरकार ने धान की गुणवत्ता का मानक तय किया हुआ है, तो ये मिलर्स अच्छा चावल देने से क्यों डर रहे हैं।

### कलेक्टर से की गई थी शिकायत

जानकारी के अनुसार 8 दिसंबर 2025 को राइस मिलर्स



एसोसिएशन के नाम से कुछ लोगों ने कलेक्टर उमरिया से एमपी स्टेट सिविल सप्लाइज कॉर्पोरेशन उमरिया में कार्यरत एक निजी कंपनी के कर्मचारी द्वारा रिज्वाइनिंग की शिकायत की थी। चार बिंदुओं में उक्त तथाकथित संगठन ने कर्मचारी पर मिलर्स को परेशान करने का आरोप लगाया। निष्कासन कार्रवाई नहीं होने पर मिलिंग व उपार्जन कार्य प्रभावित करने की शिकायत की। अभी तक एक माह बीतने को है, जिला प्रशासन इसकी जांच नहीं करवा पाया।

### जांच करने की मांग की गई

दूसरे पक्ष की तरफ से एमपी स्टेट सिविल सप्लाइज कॉर्पोरेशन के कर्मचारी ने उक्त आरोप को निराधार बताते हुए संगठन की शिकायत कलेक्टर से की थी। शिकायती पत्र अनुसार 8 दिसंबर 2025 को जिस तथाकथित संगठन ने राइस मिल एसोसिएशन के नाम से पीड़ित पक्ष के खिलाफ तथाकथित आरोप लगाए गए हैं ऐसा कोई 'राइस मिल एसोसिएशन, उमरिया' किसी भी कानून के तहत रजिस्टर्ड नहीं है। इस प्रकार, उक्त एसोसिएशन का कोई कानूनी अस्तित्व नहीं है। पीड़ित ने उक्त लेटरहेड के इस्तेमाल और जमा करने के संबंध में उचित जांच करने की मांग की है।

### कई ओपन कैप भंडारण केंद्र हो गए फुल

मिलिंग में अनुबंध नहीं होने से उपार्जन कार्य प्रभावित होता भी नजर आ रहा। मानपुर, चंदिया, उमरिया, अमरपुर व हरेला के कई ओपन कैप भंडारण केंद्र फुल हो चुके हैं। अब इन्हें दूरदराज के गोदाम में भेजा जा रहा है। इस कारण सोसायटी में धान का अंबार है। इसको लेकर मिलर्स द्वारा शासन की नई गाइड लाइन के तहत मिलिंग से इंकार किया जा रहा है। विभाग ने फरमान जारी किया है कि जिले में 100 प्रतिशत में से 90 फीसदी चावल एफसीआई में जमा होगा।

**इनका कहना है**

धान खरीदी में परिवहन की समस्या पर कलेक्टर ने एजेंसी को नोटिस जारी किया था। मिलर्स द्वारा अभी अनुबंध नहीं किया जा रहा है। हम शासन की नई गाइड लाइन के अनुसार, नए प्रावधान के तहत एफसीआई को 90 व अन्य को 10 फीसदी चावल जमा करने का अनुबंध करेंगे।

**रोहित सिंह, जिला प्रबंधक**

# विधायक आवास पहुंचकर बजाया घंटा

▶ पत्रकारों पर टिप्पणी के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

**नवभारत उमरिया 5 जनवरी।** भाजपा नेता कैलाश विजयवर्गीय द्वारा पत्रकारों के लिए 'घंटा' शब्द के प्रयोग के बाद प्रदेश की राजनीति गरमा गई है। कांग्रेस प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर प्रदेश में भाजपा सांसदों और विधायकों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किए जा रहे हैं। इसी क्रम में उमरिया जिले में कांग्रेस ने विधायक मीना सिंह के आवास के सामने घंटा बजाकर विरोध दर्ज कराया। कांग्रेस जिला अध्यक्ष विजय कोल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एकत्र हुए और



शांतिपूर्ण तरीके से नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तंभ हैं और उनके प्रति इस तरह की टिप्पणी निंदनीय है। यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर सीधा हमला है। जिला अध्यक्ष विजय कोल ने कहा कि यदि भाजपा नेताओं ने अपने बयान के लिए सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगी तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पत्रकारों के सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए हमेशा संघर्ष करती रहेगी। प्रदर्शन को देखते हुए प्रशासन सतर्क रहा।

# मतदाता सूची के बारे में दी जानकारी

**चिल्हारी।** भाजपा मंडल अमरपुर के शक्ति केंद्र पनपथा की मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण को लेकर बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में शक्ति केंद्र के प्रभारी ओमप्रकाश जैसवाल, बूथ पलझा, बरदौहा मझौली, पनपथा, कसेरू, एवं बमेरा से आए त्रिदेव, बूथ अध्यक्ष, मंत्री, बी एल' ए टू, अनिल ताम्रकार, सोशल मीडिया प्रभारी अरुण कुमार चतुर्वेदी, भद्रनाथ सिंह, अशोक सिंह, प्रमोद सिंह, पूरन लाल विश्वकर्मा, अनिल तिवारी, अरुण ताम्रकार, सुरेश दहिया, विजय महोबिया, राज महोबिया एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी संघ आवारा गौवंश को कर रहे संरक्षित : डॉ. तिवारी

**चिल्हारी नवभारत 5 जनवरी।** राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी संघ की बैठक मानपुर तहसील अन्तर्गत ग्राम महरोई गौ शाला में रविवार को बैठक आयोजित की गई। सर्वप्रथम सभी लोगों का परिचय हुआ। इसके बाद संगठन की रीति नीति से अवगत कराया गया।

इस दौरान ब्लाक स्तर एवं ग्राम स्तर पर कार्यकारणी का गठन किया गया। बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष डॉ. अरूण तिवारी की उपस्थिति रही। इस दौरान श्री तिवारी ने कहा कि राष्ट्रीय गौ रक्षा




वाहिनी संघ लगातार गौ माता के संरक्षण के लिए कृतसंकल्पित है। गौ माता के संरक्षण संवर्धन के लिए देशव्यापी अभियान चलाकर सड़कों पर आवारा घूम रहे गौवंश को संरक्षित कर उनको सुरक्षित गौ शाला में छोड़ना, भोजन की व्यवस्था करना, गौ तस्करी पर पूरी तरह रोक लगाना सहित अन्य कार्य व्यापक स्तर पर कार्य करता है।

**गौ शाला महरोई का निरीक्षण किया**-कार्यक्रम के पश्चात गौ शाला महरोई का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर ओमप्रकाश तिवारी, अमित चतुर्वेदी, रामकृष्ण गुप्ता, प्रशांत सोनी, श्रीकांत चतुर्वेदी, रामकृष्ण गुप्ता, रामेश्वर पाल, सुनील पाल, दीपक लोनी, पुष्पेन्द्र तिवारी सहित पत्रकार उपस्थित रहे।

# डिंडौरी की होनहार बेटियों ने रचा इतिहास

▶ नेशनल सेपक टकरा चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक

**डिंडौरी, शहपुरा नवभारत 5 जनवरी।** डिंडौरी जिले की होनहार बालिकाओं देवंती पुषाम एवं अभिलाषा परस्ते ने 29वीं जूनियर सेपक टकरा (किक वॉलीबॉल) नेशनल चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अर्जित कर जिले एवं प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है।

यह प्रतियोगिता 1 से 5 जनवरी तक जालंधर, पंजाब में आयोजित की गई। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश की ओर से बालिका डबल इवेंट में कन्या क्रीड़ा परिसर सांदीपनी स्कूल, शहपुरा की खिलाड़ी देवंती पुषाम एवं अभिलाषा परस्ते ने प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। प्रतियोगिता के दौरान दोनों बालिकाओं ने




पहले राउंड में झारखंड, इसके बाद नागालैंड, उत्तर प्रदेश तथा फाइनल मुकाबले में पश्चिम बंगाल को पराजित करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया और स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया।

**दोनों बालिकाओं का खेलो इंडिया में चयन**-प्रदेश सचिव सेपक टकरा एसोसिएशन प्रतीक केशरवानी, पीटीआई कोच आशीष मिश्रा, कोच रामा साहू, अनुज ओझा एवं विजय शर्मा के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। इस स्वर्णिम सफलता के साथ ही दोनों बालिकाओं का खेलो इंडिया में चयन भी सुनिश्चित हो गया है। इस उपलब्धि पर बीईओ शहपुरा एम.के. राय, वीआरसीसी जी.पी. साहू, प्राचार्य यशवंत साहू, जिला सेपकटाकरा एसोसिएशन डिंडौरी के अध्यक्ष पी.एस. राजपूत, उपाध्यक्ष अश्विनी साहू, कैलाश रजक एवं शब्द साहू सहित जिले के खेलप्रेमियों ने बालिकाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

# विद्युत साज-सज्जा से रोशन होंगे शासकीय कार्यालय

▶ गणतंत्र दिवस के आयोजन को गरिमामय बनाने हेतु प्रशासनिक बैठक आयोजित

**डिंडौरी, नवभारत 5 जनवरी।** आगामी 26 जनवरी को मनाए जाने वाले गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में 5 जनवरी सोमवार को कलेक्टर सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि 26 जनवरी को सभी शासकीय कार्यालयों में विद्युत प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। सभी कार्यालयों में प्रात: 7:30 बजे कार्यालय प्रमुखों द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा तथा इसके पश्चात सभी अधिकारी एवं कर्मचारी प्रात:



8:30 बजे तक मुख्य समारोह स्थल पुलिस ग्राउंड डिण्डौरी में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे

गणतंत्र दिवस के अवसर पर विद्यालयीन छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। कार्यक्रमों में गरिमापूर्ण एवं देशभक्ति गीतों का चयन किया जाएगा तथा रिमिक्स गीतों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इसके साथ ही शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित विभागीय झांकियां भी निकाली जाएंगी, जिनकी थीम का अनुमोदन कलेक्टर द्वारा किया जाएगा। गणतंत्र दिवस पर उत्कृष्ट परेड, सांस्कृतिक दलों एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान प्रदान किया जाएगा।

### मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया जाएगा

मुख्य समारोह स्थल पर प्रात: 9 बजे मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा तथा मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया जाएगा। जनपद, ग्राम पंचायत, नगर परिषद एवं शिक्षण संस्थाओं में भी विधिवत ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान का आयोजन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 26 जनवरी की संध्या 6:00 बजे से 'भारत पर्व' के अंतर्गत सांस्कृतिक एवं देशभक्ति कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।